राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर 13 दिसम्बर। जयपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की मंहगाई हटाओ रैली का आयोजन सफलतापूर्वक करने पर राजस्थान सरकार के कैबीनेट मंत्री डॉ. महेश जोशी, श्री गोविन्द राम मेघवाल, श्री उदयलाल आंजना, श्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री धीरज गुर्जर, विधायक सुश्री रीटा चौधरी, श्री प्रशांत बैरवा, श्री पुखराज पाराशर, श्री रणदीप धनखड़, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक श्री हेमसिंह शेखावत सहित प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा से मुलाकात कर बधाई दी।

प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने देशभर से रैली में भाग लेने जयपुर आये अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्षगण, विधायकगण, मंत्रीगण, पूर्व मंत्रीगण, पूर्व मुख्यमंत्रीगण, सांसदगण, पूर्व सांसदगण, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्यगण, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, अन्य प्रदेशों के पीसीसी पदाधिकारीगण तथा सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया तथा रैली के सफल आयोजन हेतु व्यवस्थाओं को सम्भाल रहे राज्य मंत्रीमण्डल के सदस्यों, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपने दायित्व के सफल निर्वहन पर बधाई दी एवं धन्यवाद प्रेषित किया।

इस अवसर पर श्री डोटासरा ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की रैली के आयोजन की जिम्मेदारी राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रदान करने के लिये कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी एवं कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश की जनता ने **मोदी हटाओ-महँगाई घटाओ** के लिए मन बना लिया है तथा रैली में कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी द्वारा दिये गये संदेश को जिस प्रकार जन-समर्थन प्राप्त हुआ है उसके पश्चात् सन् 2024 में मोदी सरकार की वापसी असम्भव है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा देश में मंहगाई कम करने हेतु कोई कार्य नहीं किया जा रहा है और ना ही केन्द्र सरकार राज्यों को कोई वित्तीय सहायता उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि

2............

Created by Universal Document Converter

केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण जनता परेशान है तथा सन् 2024 में होने वाले देश के आम चुनावों के लिये मोदी हटाओ अभियान का बिगुल बज चुका है। उन्होंने कहा कि जयपुर में आयोजित मंहगाई हटाओ रैली से मोदी सरकार का पतन सुनिश्चित हो गया है। उन्होंने कहा कि मंहगाई हटाओ रैली केन्द्र से मोदी सरकार को हटाने के अभियान का शंखनाद है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी अपने सिद्धांतों की राजनीति करते हैं तथा विचारधारा की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि रैली में कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी का भाग लेना सभी कांग्रेसजनों के लिये प्रेरणा प्रदान करने वाला है। उन्होंने कहा कि रैली में उमड़े जनसैलाब से स्पष्ट हो गया है कि सन् 2023 में पुन: कांग्रेस सरकार राजस्थान में बनेगी एवं 2024 में कांग्रेस केन्द्र की सत्ता में लौटेगी।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 13 दिसम्बर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव स्व. श्री संजय गाँधी जी की जयन्ती के अवसर पर कल दिनांक 14 दिसम्बर, 2021 को प्रात: 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter